महत्वपूर्ण एवं खास

बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने मारी ठोकर,हादसे में युवक का पैर कट गया

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के शारदा चौक में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जबरदस्त टक्कर मारी। सुबह करीब छह बजे हुआ यह हादसा इतना भयंकर था कि बाइक सवार का पैर कटकर ही अलग हो गया। घायल युवक का नाम विकास विश्वकर्मा है। उसे इलाज के लिए तुरंत आम्बेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि खून ज्यादा बह जाने और आंतरिक चोटों की वजह से उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। टीआई केके बाजपेई ने बताया कि विकास आजाद चौक की तरफ जा रहा था। अभी उसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी है। उन्होंने बताया कि कार में तीन युवक सवार थे। मौके पर मौजूद भीड़ ने कार चालक की जमकर की पिटाई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर गोलबाजार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार चालक सुनील साहू को हिरासत में ले लिया है। टीआई ने बताया कि बाइक सवार युवक को टक्कर मारने के बाद कार पुटपाथ में चढ़ गई। इस दौरान राहगीरों ने भी कार को घेर लिया और इसी वजह से कार युवक वहां से भाग नहीं पाए। बदतमीजी करने पर राहगीरों ने कार ड्राइवर की पिटाई भी कर दी। इसी दौरान किसी ने पुलिस को फोन पर घटना की जानकारी दी। मौके पर पुलिस तुरंत पहुंच गई और ड्राइवर को हिरासत में लेने के साथ ही मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

हायर सेकेण्डरी सर्टिफिक्रेट और व्यावसायिक पाठ्यक्रम पूरक परीक्षा की समय-सारणी घोषित

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हायर सेकेण्डरी सर्टिफिक्रेट और हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम पूरक परीक्षा की समय-सारणी घोषित कर दी गई है। हायर सेकेण्डरी सर्टिफिक्रेट परीक्षा 17 सितम्बर से 30 सितम्बर तक और हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा 17 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आयोजित की जाएगी। दोनों ही परीक्षाएं प्रातः 8.30 से 11.30 बजे तक होगी। विस्तृत समय-सारणी मण्डल की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

मुर्गी, बत्तख पालन कर समूह की महिलाएं कर रही है आजीविका से जीविकोपार्जन

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत विकासखण्ड सरायपाली के गौठान ग्राम पंचायत पाटसेन्द्री से जय माँ लक्ष्मी स्व सहायता समूह के सदस्य द्वारा किराना दुकान व मुर्गी, बत्तख पालन कर आजीविका गतिविधि का कार्य किया जा रहा है। किराना दुकान चलाकर समूह की महिलाओं द्वारा आजीविका के अन्य साधन अपनाए जा रहे हैं दुकान के माध्यम से समूह की इन महिलाओं एवं गांव वालों को गाँव से बाहर सामान खरीदने जाने की जरूरत नही पड़ती है। दैनिक उपयोग होने वाली सभी सामान गांव में उपलब्ध हो जाने से समूह के महिलाओं को अच्छी आमदनी हो रही है। समूह की महिलाओं को किराना दुकान व मुर्गी बतख पालन से अच्छी आमदनी होने से बहुत खुश है एवं अपने आर्थिक जीवन को मजबूती प्रदान करने में पीछे नहीं हैं। गांव स्तर पर घर पर ही काम मिल जाने के कारण समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन रही हैं। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को समय-समय पर आजीविका संबंधित कार्यों की जानकारी संबंधित कार्यक्षेत्र के एडीईओ, पीआरपी एवं एफएलसीआरपी के माध्यम से दिया जाता है।

गौठानों में मल्टी एक्टीविटी व्यवसायों से जोड़ कर महिलाओं को करें सशक्त : टीएस सिंहदेव

» मनरेगा से मजदूरों के लिए ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस कार्य सृजित करने के निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा के तहत राज्य सरकार की प्राथमिकता वाले कार्य नरवा, गौठान, चारागाह, धान संग्रहण चबूतरा, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन, चेक डेम निर्माण आदि कार्य स्वीकृत कर पंजीकृत मजदूरों के लिए ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस कार्य सृजित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्मित गौठानों में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को बड़ी संख्या में मल्टी एक्टीविटी व्यवसायों से जोड़कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त करने की दिशा में काम किया जाए। उन्होंने मनरेगा से अनुसूचित जाति, जनजाति और कमजोर वर्गों के लिए भी कार्य दिवस में वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपूर्ण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। श्री सिंहदेव आज मंत्रालय महानदी भवन स्थित मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

के माध्यम से विभागीय काम-काज की समीक्षा कर रहे थे।

पंचायत मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी के तहत नरवा विकास कार्यक्रम की भी समीक्षा की। उन्होंने जल संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ किसानों के लिए सिंचाई के साधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत गौठानों का निर्माण जल्द शुरू किया जाए। निर्मित गौठानों में पशुओं के बेहतर रख-रखाव के लिए बिजली पानी, हरा चारा सहित बेहतर प्रबंधन हो। गौठानों में ग्रामीण महिलाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से मल्टी एक्टीविटी केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए। मंत्री सिंहदेव ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को पारंपरिक एवं अन्य आय मूलक व्यवसायों में प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने आजीविका मिशन में जुड़े हुए महिला समूहों को बैंक लिंकेज कर ज्यादा से ज्यादा उनके गतिविधियों को और बेहतर दिशा प्रदान करने एवं बाजार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

पंचायत मंत्री श्री सिंहदेव ने स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश के चयनित ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं उपयोगिता के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शौचालयों में बिजली, पानी के साथ-साथ साफ-सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो।सिंहदेव ने व्यक्तिमूलक शौचालयों के निर्माण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना की राशि सीधे हितग्राहियों के खाता में भेजने पर जोर दिया।

स्पा की आड़ में देह व्यापार के मामले में फरार आरोपी मोहम्मद शाहिद को इलाहाबाद से गिरफ्तार

» दो महिला सहित होटल संचालक पूर्व में हुए थे गिरफ्तार

दुर्ग (आरएनएस)। गत माह नेहरू नगर चौक के पास स्थित होटल राजश्री में स्पा की आड़ में देह व्यापार कराए जाने की सूचना पर पुलिस पार्टी ने रेड करवाई के बाद फरार एक आरोपी मोहम्मद शाहिद को पुलिस ने ईलाहाबाद से गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि 10 जून को होटल राजश्री में देह व्यापार की सूचना पर पुलिस ने रेड मारकर देह व्यापार में संलिप्त कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। उक्त कार्रवाई के दौरान होटल का संचालक मनीष सिंह और लखनउ तथा कोलकाता से देह व्यापार के लिए लाई हुई लड़कियों को मौके पर गिरफ्तार किया गया था। जिन्हें थाना सुपेला के अपराध क्रमांक 527/2021 धारा 3,4,5 अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था । जो वर्तमान में दुर्ग केंद्रीय जेल में निरुद्ध है । मामले का अन्य आरोपी मोहम्मद शाहिद जिस पर लड़कियों को बाहर राज्य से बुलाकर देह व्यापार कराए जाने का आरोप था ,और जो होटल का मुलाजिम था , कार्रवाई के दौरान मौके से फ्रार हो गया था जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी। सुपेला थाने की पुलिस की एक टीम को उसकी तलाश में इलाहाबाद भेजा गया था। काफी प्रयास के बाद उसे इलाहाबाद में पकड़ा जा सका ।

बच्चों की उपलब्धि में सुधार के लिए अब पढ़ई तुंहर दुआर-2.0

» जिला शिक्षा अधिकारियों को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों में पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 के नाम से एक समयबद्ध कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से कोरोना की वजह से हुए लर्निंग लोस को कम करने के साथ विद्यार्थियों की उपलब्धि में सुधार लाया जाएगा। बच्चों में प्राथमिक स्तर पर पठन, लेखन कौशल और मूलभूत गणितीय कौशल विकास। मिडिल स्कूल स्तर पर हिन्दी एवं अंग्रजी में पठन कौशल, सृजनात्मक लेखन कौशल विभाग, गणित विषय में दक्षता बढ़ाना, विज्ञान में प्रयोगों का प्रदर्शन एवं सामाजिक अध्ययन में विभिन्न प्रोजेक्ट कार्यो का कराया जाएगा। हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्तर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में लेखन कौशल विकास, विज्ञान के विभिन्न विषयों के प्रयोग, गणितीय अवधारणाओं की समझ विकसित की जाएगी। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से संचालित होगा। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम संचालन में समय-सीमा का पालन किया जाए। वृहद स्तर पर विभिन्न प्रस्तावित कार्यक्रमों का संचालन जिले के सभी स्कूलों में अनिवार्यतः सुनिश्चित करें। कार्यक्रम से स्कूलों को प्राचार्यो, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थाओं के सभी सदस्य एवं जिला शिक्षा मिशन समन्वयक को शामिल कर क्रियान्वित करें।

जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में बताया गया है कि राज्य में वर्तमान में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा बेसलाइन आकलन किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारियों को जिले के सभी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की वर्तमान स्थिति एवं विद्यार्थी के पास अपने वर्तमान में दर्ज कक्षा से कितनी कक्षा पहले की दक्षता है, इसकी स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

निस्तारी भूमियों से बेजा कब्जा हटवाने में हीलहवाला , जिलाधीश से मिले ग्रामीण

रायपुर (आरएनएस)। प्रशासनिक लापरवाही के चलते ग्रामवासियों के निस्तार हेतु कानूनन सुरक्षित रखे गये भूमियों पर इस कदर बेजा कब्जा हो गया है कि ग्रामीणों के निस्तार के लिये इंच भर भूमि बाकी नहीं रह गया है । बेजा कब्जा कर अपने ही पैर में कुल्हाड़ी मारने वाले ग्रामीण निस्तारी के विकराल समस्या को देखते हुये बेजा कब्जा हटाने लिखित सहमति दे पंचायत प्रस्ताव के साथ तकरीबन 3 वर्ष पूर्व तत्कालीन जिलाधीश को ज्ञापन भी सौंपा था पर बेजा कब्जा हटाना तो दूर ग्राम में झांकने एक अदना सा राजस्व अधिकारी भी नहीं पहुंचा । बीते कल गुरुवार को ग्रामीणों ने जिलाधीश सौरभ कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंप ध्यानाकर्षण कराते हुये

ग्रामहित में बेजा कब्जा हटवाने की मांग की ।

आरंग विकास खंड के उपतहसील मंदिरहसौद के अंतर्गत आता है निस्तारी समस्या से जूझ रहा ग्राम कुंडा जो ग्राम पंचायत टेकारी का आश्रित ग्राम है । 3 वर्ष पूर्व सन् 2018 की 28 मई को ग्राम प्रमुखों के एक प्रतिनिधि मंडल ने तत्कालीन सरपंच गणेशराम लहरे व ग्रामीण सभा अध्यक्ष हेमंत कश्यप के अगुवाई में किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा के साथ बेजा कब्जा हटाने संबंधी ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त सहमति व पंचायत प्रस्ताव युक्त ज्ञापन ले तत्कालीन जिलाधीश से मिला? था व रायपुर कलेक्टर जनदर्शन में भी यह ज्ञापन दिया था जिसका टोकन नंबर 110918000690 है । ज्ञापन सौंपने ??के बाद भी बेजा कब्जा हटाने कोई प्रशासनिक सुगबुगाहट न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुनः श्री शर्मा से संपर्क साधा था जिन्होंने राजनैतिक कारणों से बेजा कब्जा हटाने के मामलों में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कन्नी काटने की कोशिशों की जानकारी देते हुये सन् 2011 मे सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये एक फैसले के परिपालन में निस्तारी भूमियों से अवैध कब्जा हटवाने प्रशासनिक बाध्यता की बात कहते हुये उन्हें बतलाया कि इस? फैसले के अनुसार तो प्रदेशों व केन्द्र शासित राज्यों के मुख्य सचिवों को समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट को पालन प्रतिवेदन भी देना आदेशित है । ग्रामीणों को उन्होंने इस संबंध में जिलाधीश से मुलाकात करने का सुझाव दिया था । बेजा कब्जा हटवाने प्रतिबद्ध ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने ग्राम के निवासी प्रमुख कृषक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरेंद्र तिवारी तथा मयंक तिवारी के साथ जिलाधीश से मुलाकात कर ग्राम में मुहबाये खड़े निस्तारी समस्या की जानकारी देते हुये ज्ञापन सौंप बेजा कब्जा हटवाने प्रभावी कार्यवाही का आग्रह किया ।

मुर्गा व्यवसायी से मारपीट कर रूपये लूटने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जशपुर (आरएनएस)। मुर्गा व्यवसायी से मारपीट कर रूपये लूटने वाले आरोपियों को पत्थलगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी मोहम्मद आफ्ताब खान उम्र 35 साल निवासी बिलाईटांगर पत्थलगांव ने थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मुर्गा का व्यवसाय करता है, 01.सितम्बर 2021 को मुर्गा बेचकर सीतापुर बाजार से वापस घर आ रहा था, रात के करीब 10 -11 बजे कुमेकेला पुलिया के पास 02 अज्ञात लड़के खड़े थे जो सुनसान होने का फायदा उठाते हुए उसके पास आये और अपने पास रखे चाकू और रॉड दिखाकर प्रार्थी से मारपीट करते हुए उसके जेब में रखे ग्यारह रूपये को लूट लिये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 191/21 धारा 394 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की पता-तलाश एवं धरपकड़ हेतु टीम को रवाना किया गया, टीम द्वारा आरोपियों की घेराबंदी कर उनके निवास से हिरासत में लेकर थाना लाया गया।

अल्प वर्षा में नरवा बना किसानों के लिए संजीवनी

» नरवा विकास योजना से बलौदाबाजार और मुंगेली के कई गांव हो रहें है लाभान्वित'

रायपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत नरवा के संरक्षण एवं विकास से किसानों को अब जमीनी स्तर में लाभ मिलना शुरू हो गया है। बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखण्ड के अंर्तगत परसदा नाला के संरक्षण एवं विकास से यहां के 3 ग्राम पंचायतों ठाकुरदिया,नंदनिया एवं परसदा के किसान लाभांवित हो रहें है। कम बरसात के मुश्किल समय मे यह नाला किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। परसदा नाले में 10 ब्रशवुड चेक,1लुज बोल्डर बंड,93 लुज बोल्डर चेकडेम,15

लुज बोल्डर गली प्लग, 10 स्टेगर्ड लुज बोल्डर बंड एवं 10 गेबियन सहित 139 संरचना का निर्माण किया गया है। इस निर्माण कार्य से करीब 31.34 एकड़ रकबा सिंचाई हो रही है तथा लगभग 48 एकड़ भूमि पर दोहरी फसल ली जा रही है।

ग्राम परसदा निवासी पल्टूराम मंडावी पिता शिवशंकर मंडावी ने बताया कि वह नरवा के पानी का उपयोग कर अपनें 1 एकड़ खेत एवं बाड़ी में सतत रूप से सब्जी बाड़ी का कार्य कर रहे है। इससे पल्टूराम मंडावी को 2 वर्षो में औसतन एक लाख रुपये की वार्षिक आमदनी प्राप्त हुई है। नरवा विकास से इन ग्रामो में औसतन 1.45 मीटर की भू-जल स्तर में वृद्धि हुई है। परसदा नाला के संरक्षण एवं संवर्धन से किसानो के अतिरिक्त आय में वृद्धि हुई है साथ ही भू-जल स्तर तथा सिंचित रकबा में भी वृद्धि हुई ही है। इसके अलावा वन्यप्राणियो एवं मवेशियो को पर्याप्त जल उपलब्ध हो पाया है।

इसी तरह मुंगेली जिले के उतई नाला में विभिन्न निर्माण कर उसका जीर्णोद्धार किया गया है। मनरेगा के तहत किये जाने वाले इस जीर्णोद्धार कार्य में करीब 48.23 लाख रूपये व्यय किया गया। इस निर्माण कार्य से भूमिगत जल स्तर में बढ़ोत्तरी हुई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा समर्थक हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, मानवीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के गठन सामाजिक उन्नयन अवसर मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मूलत रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इसके कार्यक्रमों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित नियमित कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मुख्यमंत्री बघेल से मिले आस्ट्रेलियाई हाई कमिश्नर बैरी ओ फरेल

» छत्तीसगढ़ में औद्योगिक पूंजी निवेश की संभावनाओं पर हुआ विचार विमर्श

» मुख्यमंत्री ने दी राज्य की उद्योग-व्यापार हितैषी नीति की जानकारी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर बैरी ओ फरेल ने छत्तीसगढ़ और आस्ट्रेलिया के मध्य सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्र में परस्पर सहयोग और पूंजी निवेश विशेष रूप से माइनिंग और पर्यावरण संरक्षण की संभावनाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान उद्योग मंत्री कवासी लखमा भी उपस्थित थे।

ऑस्ट्रेलियाई हाई कमिश्नर फरेल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य के समग्र विकास, आदिवासी समुदाय के उत्थान और सामाजिक संकेतकों में सुधार के लिए लागू की गई राज्य सरकार की योजनाओं में गहरी रूचि ली। उन्होंने छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। हाईकमिश्नर ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय

संबंधों को बढ़ावा देने की इच्छा जतायी। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया की माइनिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता है। उन्होंने माइनिंग सर्वे, अन्वेषण-खनन तकनीक आदि क्षेत्रों में परस्पर सहभागिता की बात कही।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज एवं वन सम्पदा से भरपूर राज्य है। राज्य में विभिन्न प्रकार के संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के साथ सामाजिक-सांस्कृतिक सहभागिता तथा वहां के उद्यमियों द्वारा छत्तीसगढ़ में औद्योगिक पूंजी निवेश की इच्छा पर प्रसन्नता जतायी और कहा कि राज्य सरकार इसके लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में जैविक खेती और वनोंपज के वेल्यूएडिशन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य की सामाजिक-भौगोलिक स्थिति एवं विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की जानकारी दी।